## हाईकोर्ट ने पुलिस की छठी ई-निविदा निरस्त की

# एल वन कंपनी का टेंडर निरस्त करना सरकार को पड़ा महंगा

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने राज्य पुलिस के 26 जिलों के लिए डिजिटल वीएचएफ वायरलेस सिस्टम की खरीद से जुड़े करोड़ों रुपये के टेंडर मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। एसीजे विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार द्वारा जारी छठी ई-निविदा को रद्द करते हुए पांचवीं निविदा की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने याचिकाकर्ता मोबाइल कम्युनिकेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में सरकार पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

कोर्ट ने कहा कि तकनीकी और पात्रता संबंधी सभी शर्तें पूरी करने के बाद सबसे कम दर देने वाली कंपनी एल वन होती है। पांचवें टेंडर में याचिकाकर्ता कंपनी एल वन थी, जबकि दूसरी कंपनी एल-टू थी। इसके बावजूद एल वन को अयोग्य घोषित किए बिना पूरी निविदा निरस्त कर नई प्रक्रिया शुरू करना नियमों और पारदर्शिता के सिद्धांतों के विपरीत है।

खंडपीठ ने माना कि वित्तीय बोली खुलने के बाद सभी कंपनियों की दरें



सार्वजनिक हो जाती हैं। ऐसे में एल टू कंपनी को बाद में अपनी कीमत घटाने का अवसर देना पूरी निविदा प्रक्रिया की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। रिकार्ड से यह भी सामने आया कि एल टू की संशोधित पेशकश मिलने के बाद सरकार ने पांचवीं निविदा निरस्त कर उसी दिन छठी ई-निविदा जारी कर दी, जिसमें तकनीकी और पात्रता की कई शर्तें भी बदल दी गई थीं।

### कलेक्टर की अध्यक्षता वाली समिति को दो माह में कार्रवाई के निर्देश

## स्कूल परिसर व खेल मैदान के अतिक्रमण हटाएं : हाई कोर्ट

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सीधी जिले के मझौली तहसील स्थित ग्राम मझगवां के शासकीय माध्यमिक शाला परिसर और खेल मैदान पर कथित अतिक्रमण के मामले में महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। एसीजे विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने कहा कि यदि जांच में अतिक्रमण पाया जाता है तो संबंधित पक्षों को सुनवाई का अवसर देने के बाद नियमानुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए। पूरी प्रक्रिया दो माह के भीतर पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। याचिका ग्राम पंचायत मझगवां के सरपंच सुजय सिंह ने जनहित याचिका के रूप में दायर की थी। याचिका में कहा गया कि शासकीय माध्यमिक शाला की बाउंड्रीवाल और खेल मैदान पर कुछ लोगों ने निर्माण कर अतिक्रमण कर लिया है, जिससे विद्यार्थियों को खेलकूद और अन्य गतिविधियों में परेशानी हो रही है। शिकायत के बावजूद प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने पर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने याचिकाकर्ता को निर्देश दिया कि वह अपनी शिकायत पीएमएलए समिति (कलेक्टर की अध्यक्षता वाली समिति) के समक्ष प्रस्तुत करे। समिति शिकायत की जांच कर अतिक्रमण पाए जाने पर संबंधित पक्षों को सुनवाई का अवसर देकर कानून के अनुसार कार्रवाई करेगी। मामले में राज्य शासन के सचिव, कलेक्टर सीधी, एसडीएम, अतिरिक्त तहसीलदार मझौली सहित छब्बीलाल साहू, बालमुकुन्द साहू, भरत साहू, राजकुमार नामदेव और प्रेमलाल साहू को पक्षकार बनाया गया था। सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने उक्त निर्देशों के साथ याचिका का निराकरण कर दिया।

## भेड़ाघाट में वारदात, आरोपी गिरफ्तार

# हिजडा बोलने पर ले ली दोस्त की जान

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अतंर्गत बरखेड़ा गांव में शुक्रवार को हिजडा कहने की बात पर भडके एक व्यक्ति ने गांव के ही अपने दोस्त को लाठियों से पीट कर उसे मरणासन्न हालत में पहुंचा दिया । गंभीर घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान शनिवार की सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को वारदात के कुछ घंटों के भीतर ही हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान 42 वर्षीय बृजेश पटेल निवासी बरखेड़ा (थाना भेड़ाघाट) के रूप में हुई है, वहीं आरोपी गांव का ही राजा चौबे है। दोनों आपस में दोस्त बताए जाते हैं।

मामले में थाना प्रभारी भेड़ाघाट से मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को राजा बड़खेरा में वारदात होने की सूचना पर पहुँची पुलिस को अनिकेत पटेल निवासी राजा बरखेड़ा ने बताया कि वह शुक्रवार को अपरान्ह बरखेड़ा मोड़ की ओर चाय पीने के लिये पैदल आ रहा था जैसे ही रिंग रोड पुलिया के आगे पहुंचा देखा कि बरखेड़ा (राजा)



निवासी अनिल कुमार चौबे उर्फ गुड्डा चौबे डंडे से ब्रजेश पटेल को बरखेड़ा मोड़ पर वैभव ठाकुर की टी स्टाल के पीछे मारपीट कर रहा था। साथ ही चिल्लाकर गाली गलोज करते हुये बोला कि मुझे हिजड़ा बोलता है, तुझे जान से खत्म कर देता हूॅ, और जान से मारने की नियत से अनिल कुमार चौबे उर्फ गुड्डा चौबे उसकी बडी मां के बेटे ब्रजेश पटेल को डंडे से मारपीट कर रहा था। उसे आता देख अनिल कुमार चौबे वहां से डंडा लेकर भागने लगा। वैभव टी स्टाल के पीछे देखा उसका चचेरा भाई ब्रजेश पटेल पेट के बल पडा था जिसे सिर, नाक, मुंह में चोट थी जिसे गांव के लोगों की मदद से उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। रिपोर्ट पर धारा 296 बी, 109 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर सरगर्मी से तलाश करते हुये आरोपी अनिल चौबे उर्फ गुड्डा उम्र 48 वर्ष निवासी राजा बडखेरा को अभिरक्षा मे लेते हुये घटना मे प्रयुक्त डण्डा जप्त कर आरोपी को प्रकरण में विधिवत गिरफ्तार कर लिया। अवहीं घायन की उपचार के दौरान मौत हो जाने पर मामले में हत्या की घारा बढाई गई। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## हरियाली और विकास कार्यों का लिया जायजा

# वीआईपी कल्चर छोड़ सामान्य वाहन से शहर भ्रमण पर निकले निगमायुक्त

**जबलपुर।** सादगी और कार्यों के प्रति निष्ठा की मिसाल पेश करते हुए निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने वीआईपी वाहन और प्रोटोकॉल को छोड़ सामान्य गाड़ी से अधिकारियों की टीम के साथ शहर का करीब पांच घंटे तक सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों, पर्यावरण संरक्षण और शहर सौंदर्यीकरण की योजनाओं का जमीनी निरीक्षण किया। निगमायुक्त ने दमोहनाका से आईएसबीटी, इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग प्वाइंट, वेस्ट टू एनर्जी प्लांट और गार्डन लैंडफिल साइट का निरीक्षण कर अधिकारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने सिविल लाइन, पचपेढ़ी और डुमना नेचर पार्क में चल रहे पौधारोपण कार्यों का भी जायजा लिया। पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 15 सितंबर तक निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पौधारोपण का कार्य हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि शहर को ग्रीन सिटी बनाने के लिए पौधारोपण के साथ-साथ उनकी देखरेख भी सुनिश्चित की जाए।

निरीक्षण के दौरान शहर के प्रमुख चौराहों के सौंदर्यीकरण कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा नगर निगम द्वारा विकसित की जा रही 'अशोक वाटिका' और 'सीता वाटिका' जैसी पौराणिक थीम आधारित वाटिकाओं को शहर के आकर्षण का केंद्र बनाने की योजना पर चर्चा की गई। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने कहा कि समयसीमा तय कर अधिकारियों की जिम्मेदारी सुनिश्चित करना और शहर को हराभरा एवं सुंदर बनाना प्राथमिकता है। इस दौरान नगर निगम के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




### मृत भाई की सहायता राशि पर साइबर ठगों की नजर, खाते से 30 हजार रुपये उड़ाए

**जबलपुर।** साइबर ठगों ने इस बार सड़क हादसे में मृत युवक के परिजनों को मिलने वाली आर्थिक सहायता राशि को निशाना बनाया। माढ़ोताल थाना क्षेत्र निवासी एक युवक के बैंक खाते से 29 हजार 999 रुपये ऑनलाइन धोखाधड़ी कर निकाल लिए गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम औरिया केवट मोहल्ला निवासी 30 वर्षीय अजीत केवट ने शिकायत दर्ज कराई कि उसके भाई आशीष केवट की सड़क दुर्घटना में मृत्यु के बाद मिलने वाली सहायता राशि उसके बैंक खाते में जमा हुई थी। 3 जुलाई को वह विजयनगर स्थित सेंट्रल बैंक शाखा में राशि की जानकारी लेने पहुंचा, जहां उसे पता चला कि उसी दिन उसके खाते से यूपीआई के माध्यम से 29 हजार 999 रुपये निकाल लिए गए हैं। पीड़ित का कहना है कि उसने किसी को ओटीपी या बैंक संबंधी जानकारी साझा नहीं की, फिर भी अज्ञात साइबर ठगों ने उसके खाते से रकम पार कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रांजैक्शन की जांच शुरू कर दी है।



## स्कूलों के आसपास स्वच्छ और सुरक्षित माहौल के लिए निगम ने की कार्रवाईः अतिक्रमण हटाया

**जबलपुर।** शहर के शैक्षणिक क्षेत्रों को स्वच्छ, सुरक्षित और नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम एवं जिला प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई की। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देश पर संभाग क्रमांक-13 अंतर्गत भंवरताल गार्डन और सेंट नॉर्बर्ट स्कूल के आसपास अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया गया और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार वीर बहादुर सिंह धुर्वे की उपस्थिति में निगम की अतिक्रमण एवं स्वास्थ्य टीम ने स्कूल के बाहर और आसपास लगे हाथ ठेले, गंदगी फैलाने वाले स्थानों तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कार्रवाई की। प्रशासन ने बताया कि बच्चों को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। अधिकारियों के अनुसार, विद्यालयों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने और नशीले पदार्थों के संभावित विक्रय जैसी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा। कार्रवाई की स्थानीय नागरिकों, अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन ने सराहना करते हुए इसे बच्चों के हित में आवश्यक कदम बताया।

## जंगली सूअर के लिए बिछाया जाल, खेत मालिक पर मामला दर्ज

# करंट की चपेट में आए किसान की मौत

**जबलपुर।** बेलखेड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव में जंगली सूअरों का शिकार करने के लिए खेत के चारों ओर बिछाए गए करंटयुक्त तार की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में खेत मालिक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान पप्पू पटेल के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि खेत मालिक प्रदीप पटेल जंगली सूअरों और अन्य वन्यजीवों को खेत से दूर रखने अथवा उनका शिकार करने के उद्देश्य से खेत की मेड़ पर नंगे बिजली के तार बिछाकर उनमें करंट प्रवाहित करता था। घटना के दिन पप्पू पटेल खेत के पास से गुजर



रहे थे, तभी उनका पैर करंट प्रवाहित तार पर पड़ गया। तेज करंट लगने से उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही बेलखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची, पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। पुलिस ने आरोपी प्रदीप पटेल के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। घटना के बाद से आरोपी फरार है और उसकी तलाश की जा रही है।

### *अर्बन चैलेंज फंड से जबलपुर को 314 करोड़ की जल व सीवरेज परियोजनाओं की सौगात*

**जबलपुर।** केंद्र सरकार के अर्बन चैलेंज फंड के तहत जबलपुर में जल प्रदाय और सीवरेज व्यवस्था के विस्तार एवं आधुनिकीकरण के लिए 314.18 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को सैद्धांतिक मंजूरी मिली है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों को आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने स्वीकृति दी है। जल प्रदाय योजना के लिए 64.18 करोड़ रुपये तथा सीवरेज परियोजना के लिए 250 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इन परियोजनाओं के माध्यम से शहर की बढ़ती आबादी को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जाएगा। जल प्रदाय योजना के तहत वर्ष 2040 की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 31.75 किलोमीटर नई पाइपलाइन, पांच ओवरहेड सर्विस रिजर्वायर और 2.51 किलोमीटर फीडर नेटवर्क विकसित किया जाएगा। करीब 1.14 लाख नए घरेलू नल कनेक्शन दिए जाएंगे जिससे कुल कनेक्शनों की संख्या लगभग 2.90 लाख तक पहुंच जाएगी। वहीं 4,969 स्मार्ट मीटर और पीएलसी-एससीएडीए प्रणाली के जरिए जलापूर्ति की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी।

## सिहोरा बैंक डकैती के मास्टरमाइंड से पूछताछ में नए खुलासे

# 11 महीने फरारी में कोल कारोबार और लग्जरी वाहनों में खपाई डकैती की रकम

**जबलपुर।** सिहोरा स्थित इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक में हुई 14.50 करोड़ रुपये की सनसनीखेज डकैती के मास्टरमाइंड सुनील पासवान की गिरफ्तारी के बाद जांच में चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि फरारी के दौरान उसने लूटी गई रकम का बड़ा हिस्सा बिहार में कारोबार और संपत्तियां खड़ी करने में लगाया। रिश्तेदारों के नाम पर ट्रक और लग्जरी कारें खरीदकर उन्हें अपनी फर्म के माध्यम से कोल माइंस के कारोबार में लगा दिया, ताकि किसी को उस पर संदेह न हो।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, बिहार निवासी सुनील पासवान की मुलाकात मध्यप्रदेश के राजेश दास से हुई थी। दोनों ने सिहोरा की तीन बैंकों की रेकी की और इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक को इसलिए निशाना बनाया क्योंकि वहां सुरक्षा गार्ड तैनात नहीं था। वारदात से पहले गिरोह करीब दस दिन तक इलाके की गतिविधियों पर नजर रखता रहा। मझौली में फेरीवाले के नाम से किराये का मकान लिया गया और जबलपुर से मोटरसाइकिल खरीदकर 11 अगस्त 2025 को महज 18 मिनट में करीब 14.50 करोड़ रुपये मूल्य का सोना और पांच लाख रुपये नकद लूट लिए गए। यह जबलपुर जिले की सबसे बड़ी बैंक डकैतियों में शामिल है।

### छत से भागने की कोशिश भी नहीं आई काम

लगातार 11 महीने तक फरार रहने के बाद जबलपुर क्राइम ब्रांच और बिहार एसटीएफ की संयुक्त टीम ने नक्सल प्रभावित बांके बाजार क्षेत्र के एक गांव से सुनील पासवान को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार वह उस समय घर में सो रहा था। टीम को देखकर उसने चादर लपेटकर छत के रास्ते भागने का प्रयास किया, लेकिन पहले से की गई घेराबंदी के कारण वह बच नहीं सका। उसकी गिरफ्तारी पर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड पुलिस ने कुल एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था।

### पत्नी करती रही पांच हजार की नौकरी

जांच में यह भी सामने आया कि करोड़ों रुपये की डकैती के बावजूद सुनील ने अपनी पत्नी ममता पासवान को धनबाद के एक बुटीक में पांच हजार रुपये प्रतिमाह की नौकरी करने दी, ताकि परिवार की जीवनशैली सामान्य दिखाई दे। दोनों बेटे भी वहीं रहते थे। हालांकि वह हर महीने परिवार को 50 हजार से एक लाख रुपये तक भेजता था। पुलिस के मुताबिक, डकैती से मिले धन से चार से अधिक ट्रक और दो लग्जरी कारें खरीदी गईं। ये वाहन रिश्तेदारों के नाम पर दर्ज कराकर कोल माइंस के व्यवसाय में लगाए गए, जबकि टैक्स और जीएसटी का भुगतान भी सुनील ही करता था। अब पुलिस डकैती की पूरी रकम और उससे अर्जित संपत्तियों का ब्यौरा जुटाने में लगी है।

### खाद की कालाबाजारी पर कृषि विभाग सख्त, दो कृषि केंद्र संचालकों पर एफआईआर

**जबलपुर।** जिले में उर्वरकों की अवैध बिक्री और निर्धारित दर से अधिक कीमत वसूलने की शिकायतों पर कृषि विभाग ने कार्रवाई करते हुए दो कृषि केंद्र संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देश पर किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के अधिकारियों ने छापामार कार्रवाई की। उप संचालक कृषि उमेश कटहरे ने बताया कि अनुविभागीय कृषि अधिकारी मनीषा पटेल एवं उर्वरक निरीक्षक जयपाल सिंह राठौर द्वारा मझगवां सिहोरा स्थित मेसर्स न्यू गोस्वामी कृषि केंद्र का निरीक्षण किया गया। जांच में संचालक राकेश गोस्वामी द्वारा लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन करते हुए अनधिकृत स्रोतों से उर्वरक प्राप्त कर बिक्री करना पाया गया। इसी प्रकार किसानों की शिकायत पर कालादेही बरगी स्थित जानकी कृषि केंद्र का निरीक्षण किया गया। यहां संचालक बलिराम चौकसे द्वारा किसानों से निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूलकर खाद बेचने और मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं करने की अनियमितता सामने आई। जांच के दौरान किसानों ने भी अधिक कीमत वसूले जाने की शिकायत की।

## मैदान में उतरे 92 प्रत्याशियों ने झोंकी पूरी ताकत

# जिला अधिवक्ता संघ चुनाव मतदान सोमवार को

### अध्यक्ष पद पर छह दावेदार : कार्यकारिणी सदस्य बनने 51 लगा रहे जोर

**जबलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ, जबलपुर के निर्वाचन सत्र 2026-28 के लिए सोमवार को मतदान होगा। चुनाव को लेकर बार परिसर में सरगर्मियां चरम पर हैं। विभिन्न पदों एवं कार्यकारिणी सदस्य के लिए कुल 92 प्रत्याशी मैदान में हैं। मतदान से एक दिन पहले प्रत्याशियों ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया। इंटरनेट मीडिया, मोबाइल काल और व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से मतदाताओं तक पहुंचने की कवायद पूरे दिन जारी रही। अध्यक्ष पद के लिए अभय शुक्ला, बाल्मीकि प्रसाद तिवारी, एचआर नायडू, ज्योति राय, मनीष मिश्रा और नरेंद्र जैन चुनाव मैदान में हैं। उपाध्यक्ष पद के लिए 10, महिला उपाध्यक्ष के लिए तीन,





सचिव पद के लिए आठ, सह सचिव के लिए पांच, कोषाध्यक्ष के लिए चार व पुस्तकालय सचिव के लिए चार प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के 21 पदों के लिए 51 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता जीएस ठाकुर व उनकी टीम ने मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सोमवार को निर्धारित समय पर मतदान होगा, जिसके बाद मतगणना कर नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। चुनाव के अंतिम दौर में प्रत्याशी और उनके समर्थक सपोर्ट फार वोट अभियान के तहत अधिवक्ताओं से समर्थन मांगते नजर आए। इंटरनेट मीडिया पर भी चुनावी प्रचार पूरे दिन चर्चा का विषय बना रहा।

### टेलीकॉम अर्बन फॉरेस्ट में हो रही वृक्षों की कटाई

**जबलपुर।** शहर के टेलीकॉम फैक्ट्री परिसर स्थित करीब 70 एकड़ के अर्बन फॉरेस्ट में कथित रूप से पेड़ों की कटाई का मामला सामने आया है। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के अध्यक्ष डॉ. पी.जी. नाजपांडे ने कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त को शिकायत भेजकर पेड़ों की कटाई पर तत्काल रोक लगाने तथा पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है।
शिकायत में बताया गया है कि शनिवार दोपहर टेलीकॉम फैक्ट्री क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान फैक्ट्री परिसर के भीतर और अन्य स्थानों पर पेड़ों की कटाई होती देखी गई। मंच का कहना है कि इस अर्बन फॉरेस्ट को संरक्षित और विकसित करने के लिए लंबे समय से प्रयास किए जा रहे हैं।

### पार्ट-टाइम जॉब के नाम पर लाखों रुपये की ठगी

# साइबर ठगों का आतंक, टेलीग्राम टास्क बना जाल

**जबलपुर।** सोशल मीडिया पर सस्ते दाम में ड्राई फ्रूट खरीदना एक सेवानिवृत्त कर्मचारी को महंगा पड़ गया। ठगों ने पहले ऑनलाइन ऑर्डर करवाया और फिर जीएसटी रिफंड के नाम पर बैंक खाते से 97,454 रुपये निकाल लिए। मामले में अधारताल थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पटेल नगर, महाराजपुर निवासी 67 वर्षीय निरंजन प्रसाद विश्वकर्मा ने फेसबुक पर श्रीराम ड्राई फ्रूट का विज्ञापन देखकर ड्राई फ्रूट ऑर्डर किया था। उन्होंने यूपीआई के माध्यम से 1,150 रुपये का भुगतान किया। इसके बाद कथित विक्रेता ने फोन कर जीएसटी संबंधी समस्या बताकर राशि वापस करने का झांसा दिया और यूपीआई पर कुछ निर्देशों का पालन करवाया। इसी दौरान उनके बैंक ऑफ इंडिया खाते से 97,454 रुपये निकल गए।

### मोबाइल हैक कर उड़ाए 1.91 लाख रुपये

शहर में साइबर ठगी का एक और मामला सामने आया है। इस बार ऑर्डिनेंस फैक्ट्री खमरिया के कर्मचारी का मोबाइल हैक कर साइबर अपराधियों ने उसके बैंक खाते से 1 लाख 91 हजार 50 रुपये पार कर दिए। खमरिया पुलिस के अनुसार ग्राम मटामर निवासी हेमंत रजक, जो ऑर्डिनेंस फैक्ट्री खमरिया में डीबीडब्ल्यू पद पर कार्यरत हैं, का एचडीएफसी बैंक की सिविल लाइन शाखा में खाता है। कुछ दिन पहले उनके मोबाइल पर खाते से रकम निकलने के लगातार संदेश आए। जबकि उन्होंने कोई ऑनलाइन लेनदेन नहीं किया था। बैंक पहुंचकर खाते की जानकारी लेने पर पता चला कि 11 जुलाई को तीन अलग-अलग ट्रांजैक्शन के जरिए 1.91 लाख रुपये बैंक ऑफ बड़ौदा के एक खाते में ट्रांसफर किए गए। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि ठगों ने मोबाइल हैक कर क्रेड (सीआरईडी) ऐप के माध्यम से राशि स्थानांतरित की।

## सुमधुर भजनों की धुन पर श्रोता झुमते नजर आये!

# जय-जय राम कृष्ण हरि जयघोष से गूंज उठा मानस भवन

जबलपुर।




सुमधुर भजनों और अभंगों की भक्तिमय प्रस्तुति से मानस भवन का वातावरण आध्यात्मिक रंग में रंग गया। रसरंग, दत्त भजन मंडल, महाराष्ट्र शिक्षण मंडल एवं संगीत समाज के संयुक्त तत्वावधान में पंचम निषाद मुंबई द्वारा निर्मित 'बोलावा विठ्ठल' भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, डॉ. जितेंद्र जामदार, जस्टिस देवदत्त धर्माधिकारी, रिकुंज विज, डॉ. माणिक पांसे, सदानंद गोडबोले, डॉ. संजय नागराज, प्रदीप दुबे एवं दिनेश चंद्रराव द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। आमंत्रित कलाकारों ने "नाचतो गोपीजन वृंद वाजवी पावा गोविंद", "माझे माहेर पंढरी" और संत तुकाराम के अभंग "बोलावा विठ्ठल, पहावा विठ्ठल" सहित अनेक भक्तिमय रचनाओं की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉ. धनश्री लेले के मधुर शब्दों और संगीत विषय पर प्रभावी प्रस्तुति ने कार्यक्रम को विशेष ऊंचाई प्रदान की। कार्यक्रम में कलाकारों का स्वागत विजय भावे, शरद आठले, अभय गोरे, विश्वास पाटणकर, डॉ. उमाशंकर शर्मा, शशांक दातार, प्रमोद पाठक, उदय परांजपे एवं रवि परांजपे सहित अन्य पदाधिकारियों ने किया।

इसके बाद "राजस सुकुमार मदनाचा पुतळा", "इंद्रायणी काठी" और "खेळ मांडियेला" जैसे अभंगों की प्रस्तुतियों ने संगीत संध्या को यादगार बना दिया। वाद्ययंत्रों पर प्रसाद पाध्ये, आदित्य ओक, अपूर्व द्रविड, सम्यक पाराशरी, प्रशांत राणे एवं सुभद्र मुंडे ने शानदार संगत दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विवेक कर्महे ने किया तथा आयोजक संस्था का परिचय अजय भालेराव ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जस्टिस संजीव कालगांवकर, डॉ. कल्पना कर्महे, कैलाश गुप्ता, सेवानिवृत्त मेजर जनरल निश्चय राऊत, स्वप्निल कुलकर्णी, डॉ. शिरीष नाईक, संतोष गोडबोले सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# लाल चौक श्रीनगर की तर्ज पर संवरेगा सदर मेन रोड, 6 करोड़ की योजना को मिली मंजूरी



**जबलपुर।** शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र सदर बाजार को आधुनिक और व्यवस्थित स्वरूप देने की दिशा में पहल शुरू हो गई है। छावनी परिषद, जबलपुर में मुख्य अधिशासी अधिकारी एवं कैंट विधायक अशोक रोहाणी की मौजूदगी में सदर मेन रोड के विकास, सौंदर्यीकरण और यातायात सुधार को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
बैठक में करीब 6 करोड़ रुपये की लागत से सदर मेन रोड को श्रीनगर के प्रसिद्ध लाल चौक की तर्ज पर विकसित करने पर सहमति बनी। प्रस्तावित योजना में सड़क सौंदर्यीकरण, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, आकर्षक फुटपाथ, व्यवस्थित डिवाइडर, बेहतर यातायात प्रबंधन और नागरिक सुविधाओं का विस्तार शामिल है। इसके साथ ही योद्धा चौक से भारत माता चौक तक सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था विकसित करने की योजना पर भी चर्चा हुई, जिससे यातायात दबाव कम होगा और वाहन पार्किंग की समस्या का समाधान हो सकेगा। विकास कार्यों के दौरान व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित न हों, इसके लिए व्यापारियों से सुझाव लेकर योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा। विधायक अशोक रोहाणी ने कहा कि सदर जबलपुर की पहचान है और इसे आधुनिक, सुव्यवस्थित एवं आकर्षक बाजार के रूप में विकसित करना प्राथमिकता है। उन्होंने विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयसीमा में पूरा करने पर जोर दिया।
बैठक में एडिशनल एसपी यातायात अखिलेश तिवारी, डीएसपी महेंद्र प्रजापति, पूर्व पार्षद सुंदर अग्रवाल, दीपक गोलछा, अरुण अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, आशीष कोटारी, अभिजीत सोनी, बंसल जी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। योजना के पूरा होने के बाद सदर मेन रोड शहर के प्रमुख आधुनिक व्यावसायिक केंद्र के रूप में नई पहचान बना सकेगा।

# पूर्व क्षेत्र विद्युत कंपनी में 150 कनिष्ठ अभियंता बने सहायक अभियंता, पदोन्नति से बढ़ा उत्साह

जबलपुर।

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने लंबे समय से पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे कनिष्ठ अभियंताओं को बड़ी सौगात देते हुए 150 जूनियर इंजीनियरों को सहायक अभियंता पद पर पदोन्नति प्रदान की है। पदोन्नति आदेश जारी होने के बाद कंपनी अधिकारियों और कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। कंपनी प्रबंधन द्वारा जारी आदेश के अनुसार चयनित कनिष्ठ अभियंताओं को उनकी योग्यता, वरिष्ठता और विभागीय नियमों के आधार पर सहायक अभियंता पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पदोन्नत अधिकारियों को कंपनी के विभिन्न क्षेत्रों में नई जिम्मेदारियां दी जाएंगी। कंपनी प्रबंधन ने कहा कि इस निर्णय से अधिकारियों का मनोबल बढ़ेगा और वे नई ऊर्जा के साथ उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इससे कंपनी की कार्यक्षमता और सेवा गुणवत्ता में भी सुधार आने की उम्मीद है। पदोन्नति प्राप्त अधिकारियों ने कंपनी प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण के साथ निभाने का संकल्प जताया। कंपनी के प्रबंध संचालक अजय गुप्ता एवं मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) श्रीमती संपदा सराफ गुर्जर ने पदोन्नत अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कंपनी ने इसे अधिकारियों के व्यावसायिक विकास और प्रतिभा को प्रोत्साहन देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# रोटरी इंटरैक्ट क्लब के पदाधिकारियों ने ली शपथ, सेवा कार्यों का लिया संकल्प



**जबलपुर।** लियोनार्ड हाई स्कूल में रोटरी इंटरैक्ट क्लब के इंस्टॉलेशन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नवनियुक्त पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण कर समाजसेवा और नेतृत्व के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैंट विधायक अशोक रोहाणी थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मेजर अश्विन यादव, पीपी रोटेरियन अखिलेश जैन, रोटेरियन शैलेन्द्र जेठा (अध्यक्ष, रोटरी क्लब एक्सीलेंस जबलपुर) एवं विद्यालय के प्राचार्य एलजी लोबो उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष रामजी राजपूत ने राष्ट्रगान के साथ की। इस दौरान वर्ष 2025-26 में इंटरैक्ट क्लब द्वारा किए गए सामाजिक एवं सेवा कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा नई कार्यकारिणी को पदभार सौंपा गया। विधायक अशोक रोहाणी ने नई टीम को बधाई देते हुए वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग की सेवा के लिए प्रेरित किया और विद्यार्थियों को विधानसभा की कार्यवाही देखने के लिए भोपाल आने का आमंत्रण भी दिया। रोटरी इंटरैक्ट क्लब 2026-27 की नई कार्यकारिणी में रामजी राजपूत (अध्यक्ष), अभिनय सिंह ठाकुर (उपाध्यक्ष), लवली कोल (सचिव), श्रुति चौहान (संयुक्त सचिव), वंशिका पिल्लई (कोषाध्यक्ष) तथा अरविंद, अभिजीत, आयुष, रौनक, जागृति, त्रिशिका और अनुष्का को डायरेक्टर चुना गया। समारोह में पीपी रोटेरियन आशीष जैन सहित रोटरी एवं इंटरैक्ट क्लब के सदस्यों ने नई टीम को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन मिस हर्षिता ने किया, जबकि आयोजन मिस्टर जोस पैपेम एवं मिस नीलिमा स्वामी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

# यूसीसी के विरोध और संगठन विस्तार को लेकर एआईएमआईएम की 5 जिलों की हुई वृहद बैठक



**जबलपुर।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) मध्य प्रदेश के तत्वावधान में शनिवार को जबलपुर के रसल चौक स्थित अरिहंत पैलेस में पांच जिलों की संयुक्त महा-बैठक आयोजित की गई। बैठक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी के मार्गदर्शन एवं प्रदेश अध्यक्ष मोहसिन अली खान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जबलपुर, सागर, दमोह, कटनी और बालाघाट के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) के प्रस्तावित प्रावधानों पर संवैधानिक एवं कानूनी पहलुओं पर चर्चा की गई तथा संगठन को मजबूत करने, विस्तार देने और आगामी राजनीतिक एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों की रणनीति तैयार की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 22 जुलाई 2026 को भोपाल में विधानसभा घेराव कर यूसीसी के विरोध में प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने संगठन के अधिकारों और जनहित के मुद्दों को लेकर एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प भी दोहराया। कार्यक्रम में पांचों जिलों से आए पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों का एआईएमआईएम जबलपुर जिला इकाई द्वारा स्वागत किया गया।

**विश्व कौशल दिवसः**
**दिव्यांग विद्यार्थियों को दिया गया डिजिटल एवं रोजगारपरक कौशल का प्रशिक्षण**

# ब्रेल प्रिंटर सुविधा वाला प्रदेश का पहला महाविद्यालय बना महाकोशल कॉलेज



**जबलपुर।** विश्व कौशल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल महाविद्यालय में दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए विशेष स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण, डिजिटल साक्षरता, ब्रेल प्रिंटर के उपयोग, कम्युनिकेशन इंग्लिश, सॉफ्ट स्किल, व्यक्तित्व विकास, रोजगारपरक प्रशिक्षण तथा रिज्यूमे तैयार करने की जानकारी विशेषज्ञों द्वारा दी गई। दिव्यांग प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि महाविद्यालय प्रदेश का पहला संस्थान है, जहाँ दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए ब्रेल प्रिंटर की सुविधा उपलब्ध है। इसके माध्यम से नेत्रहीन विद्यार्थियों के लिए पाठ्य सामग्री तैयार की जा रही है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में नेत्रहीन विद्यार्थियों से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता, जिसके कारण यहाँ 100 से अधिक दिव्यांग विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी, डॉ. संघप्रिया तिवारी, डॉ. महेन्द्र कुशवाहा, डॉ. तरुणेन्द्र साकेत, प्रशिक्षक राजीब गिरी, खेमचरन गुरुम सहित बड़ी संख्या में दिव्यांग विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# यूनिसेफ सीएलएपी 3.0 फील्ड विजिट में विद्यालयों व सामुदायिक गतिविधियों का हुआ मूल्यांकन

जबलपुर।



यूनिसेफ एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के संयुक्त तत्वावधान में संचालित प्रोजेक्ट सीएलएपी 3.0 (क्लाइमेट लीडर्स एक्शन प्लान) के तहत 16 एवं 17 जुलाई को जबलपुर में दो दिवसीय फील्ड विजिट आयोजित की गई। यूनिसेफ की एसबीसी स्पेशलिस्ट झिमली बरुआ के नेतृत्व में टीम ने विभिन्न विद्यालयों एवं नीमखेड़ा ग्राम का भ्रमण कर परियोजना की गतिविधियों का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों, शिक्षकों, पालकों और समुदाय के सदस्यों से संवाद किया।

टीम ने सेंट नॉर्बर्ट हायर सेकेंडरी स्कूल, यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल, डब्ल्यूएसईसी स्कूल, टेमर भीटा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं होली क्रॉस स्कूल में पैरेंटल केयर, डिजिटल साक्षरता, पोषण, पर्यावरण संरक्षण और जलवायु नेतृत्व से जुड़ी गतिविधियों का मूल्यांकन किया। इस दौरान विद्यार्थियों को जलवायु संरक्षण, संतुलित आहार एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। भ्रमण के दौरान डॉ. विजयकांत तिवारी, रिया कनोजिया, वी.के. झारिया एवं राहुल राजपूत भी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त संचालक शिक्षा घनश्याम सोनी, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज तथा जिला शिक्षा अधिकारी गौतम बर्वे से भेंट कर परियोजना की उपलब्धियों और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की। फील्ड विजिट को बच्चों एवं युवाओं में जागरूकता, नेतृत्व क्षमता और जलवायु अनुकूल व्यवहार विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया।



# बैंक ऑफ इंडिया ने किसान समृद्धि महोत्सव में बांटे 38 करोड़ के ऋण स्वीकृति पत्र

**जबलपुर।** बैंक ऑफ इंडिया, जबलपुर अंचल द्वारा किसान समृद्धि महोत्सव के अंतर्गत शनिवार को विभिन्न शाखाओं में पूंजी संवितरण शिविर सह किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने सहभागिता की। इस अवसर पर बैंक की शाखाओं द्वारा किसानों को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार विभिन्न कृषि ऋण स्वीकृत किए गए। आंचलिक प्रबंधक रमेश कुमार ने विभिन्न शाखाओं का दौरा कर किसानों को संबोधित किया और कृषि ऋण योजनाओं की जानकारी देते हुए ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए। किसान समृद्धि महोत्सव के तहत बैंक ऑफ इंडिया, जबलपुर अंचल की शाखाओं द्वारा कुल 38 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इसमें 15 करोड़ रुपये कृषि ऋण, 8 करोड़ रुपये खुदरा ऋण और 15 करोड़ रुपये एमएसएमई ऋण शामिल हैं। बैंक ऑफ इंडिया जबलपुर अंचल द्वारा मध्यप्रदेश के 24 जिलों में संचालित शाखाओं के माध्यम से किसानों, स्व-सहायता समूहों एवं कृषि व्यवसाय से जुड़े लोगों को बैंक एवं भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत निरंतर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

# जीआरपी ने झुग्गी बस्ती में चलाया जन जागरूकता अभियान, नशामुक्त जीवन का दिलाया संकल्प



जबलपुर।

मध्यप्रदेश पुलिस के "नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0" अभियान के तहत जीआरपी थाना जबलपुर ने रेलवे स्टेशन के पुल नंबर-2 के समीप स्थित झुग्गी-झोपड़ी बस्ती में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। पुलिस टीम ने घर-घर जाकर युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों को शराब, तंबाकू, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट सहित अन्य मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों की जानकारी दी तथा नशे से दूर रहने की अपील की। अधिकारियों ने नागरिकों से अवैध मादक पदार्थों के कारोबार या सेवन की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को नशामुक्त जीवन अपनाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। अभियान में सहायक उप निरीक्षक गोपाल सिंह, प्रधान आरक्षक राम निवास ओझा, दर्शन कौरव, सुनील, ललिता, आरक्षक अजय तिवारी एवं महिला आरक्षक रंकू की सक्रिय सहभागिता रही।

# सेंट अलॉयसियस स्कूल रिमझा प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक क्रिश्चियन मंच ने सेंट अलॉयसियस हायर सेकेंडरी स्कूल, रिमझा में हुई तोड़फोड़ एवं हमले की घटना की निंदा करते हुए इसकी निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। मंच का आरोप है कि कुछ लोगों ने धर्मांतरण के बेबुनियाद आरोप लगाकर स्कूल परिसर में प्रवेश कर तोड़फोड़ की, जिससे शैक्षणिक संस्थान को आर्थिक नुकसान पहुंचा और ईसाई समाज में रोष व्याप्त है। मंच के अनुसार, जिस कर्मचारी ने धर्मांतरण के आरोप लगाए, उसे एक वर्ष के संविदा आधार पर नियुक्त किया गया था और सेवा संतोषजनक नहीं पाए जाने पर अनुबंध का नवीनीकरण नहीं किया गया। इसके बाद उसने कथित रूप से बजरंग दल एवं अन्य हिंदू संगठनों का सहारा लेकर स्कूल पर आरोप लगाए। संगठन ने कहा कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर है और ऐसे संस्थानों पर हमला लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं कानून के शासन के विपरीत है। मंच ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में मंच के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, एडवोकेट जेम्स एन्थोनी, हैरिस नथानियल, फ्रांसिस एन्थोनी, क्रिस्टोफर नरोन्हा, क्लेमेंट पायस, अल्बर्ट एन्थोनी, लालजी प्रसाद, आनंद राज एन्थोनी, अल्फ्रेड एम्ब्रोस, फिलिप एन्थोनी, रिंकू पीटर, गुडविन चार्ल्स, एनोस विक्टर, सुधीर पावेल, रिजनाल रिचर्डसन, डेनिस क्लेमेंट एवं लकी हैरी सहित अन्य सदस्यों ने निष्पक्ष जांच की मांग की।

## निधन

**श्री विनोद सिंह ठाकुर-** मड़ई मस्जिद के पास व्हीकल निवासी श्री विनोद सिंह ठाकुर (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शकुंतला साहू-** गुप्तेश्वर निवासी श्री कैलाश साहू की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला साहू (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री रमा शंकर श्रीवास्तव-** दत्त रेसीडेंसी रेलवे स्टेडियम के सामने निवासी श्री रमा शंकर श्रीवास्तव (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मुन्नी बाई चौधरी-** हनुमान टोरिया कांचघर निवासी श्री गुरू प्रसाद चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई चौधरी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री महेंद्र कुमार शर्मा-** गंगानगर गढ़ा निवासी श्री महेंद्र कुमार शर्मा (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेश चंद जैन-** दीप विहार तुलाराम चौक के पास निवासी श्री सुरेश चंद्र जैन का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुशीला मरावी-** गंगा मैया व्हीकल निवासी श्री हल्के सिंह मरावी की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला मरावी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामू बंशकार-** प्रेमसागर पुलिस चौकी के पास निवासी श्री रामू बंशकार (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री प्रभात श्रीवास-** संजय नगर अधारताल निवासी श्री प्रभात श्रीवास (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामनाथ प्रजापति-** शिवधाम नगर आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री रामनाथ प्रजापति (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अम्बिका लाल यादव-** नेता कॉलोनी अधारताल निवासी श्री अम्बिका लाल यादव (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रमोद चौधरी-** नई बस्ती शिवाजी नगर रामपुर निवासी श्री दीनदयाल चौधरी के पुत्र श्री प्रमोद चौधरी (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति कॉलम से.मी.
फिक्स साइज:- 10×4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 10×4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10×8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362160

# वरिष्ठ नागरिक व मेधावी छात्र-छात्राएं 'विप्र रत्न' से आज होंगे सम्मानित

**सिहोरा।** ब्राह्मण समाज सिहोरा द्वारा वरिष्ठ नागरिक एवं मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन आज रुक्मणी पैलेस में सुबह 10 बजे से किया जाएगा। समारोह में विभिन्न विद्यालयों के 100 मेधावी विद्यार्थियों को 'विप्र रत्न' सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम परम पूज्य संत श्री सियावल्लभ दास वेदांती महाराज, कटाव धाम के सानिध्य में आयोजित होगा। मुख्य अतिथि सुशील इंदू तिवारी, विधायक पनागर रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रणय प्रभात पांडे, विधायक बहोरीबंद, श्रीमती संध्या दिलीप दुबे, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद एवं श्रीमती रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री, अध्यक्ष जनपद पंचायत उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज अध्यक्ष राकेश पाठक करेंगे। समारोह में समाज के 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके दो वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही सत्र 2024 में विद्यालयों में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले कक्षा 10वीं के 56 एवं कक्षा 12वीं के 44 छात्र-छात्राओं को स्वर्गीय श्रीमती मालती दुबे की पुण्य स्मृति में प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। आयोजन में समाज के संरक्षक प्रकाश पांडे, अश्वनी कुमार पाठक, जयप्रकाश दुबे, नंदकुमार परौहा, महामंत्री प्रवीण कुररिया, प्रवीण गौतम, राजेन्द्र गर्ग, शिशिर पांडे, अशोक उपाध्याय, नरेन्द्र त्रिपाठी, गोपाल पाठक, अनिरुद्ध त्रिवेदी, राजेश मिश्रा, रवि दुबे, सुनील तिवारी, सुरेन्द्र तिवारी, अनिल कुररिया, नरेन्द्र खम्परिया, माधव मिश्रा, राजकिशोर तिवारी, एम.एल. गौतम, हीराधर बडगैया, अरविंद उपाध्याय, राजेन्द्र दुबे, अवधेश दुबे, अनिल दुबे, नारायण तिवारी, नवनीत शुक्ला, सतेन्द्र तिवारी, प्रशांत बाजपेयी, आर.डी. तिवारी, युवा मंडल अध्यक्ष आलोक पांडे एवं महिला मंडल अध्यक्ष धर्मशिला दुबे सहित अन्य सदस्यों ने सभी विप्रजनों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**
I, ARMY NO. 6497147W RANK HAV NAME RAKESH KUMAR MISHRA S/O UMA NARAYAN MISHRA OF UNIT 54 COY ASC SUPPLY TYPE D, JABALPUR (MP) AADHAR CARD No. 6921 0703 7707 I, have changed name and date of birth of my MOTHER from name SHANTI DEVI MISHRA and date of birth 01/07/1965 (Name and date of birth as per my Army Service Records) to name SHANTI MISHRA and date of birth 01/01/1956 (name and date of birth as per my MOTHER, AADHAR CARD NO. 8562 5768 7437 AND PAN CARD NO. KHQPM7373P) vide affidavit dated 18/07/2026 formerly before Public Notary Jabalpur MP.
CORRECT NAME-SHANTI MISHRA
INCORRECT NAME-SHANTI DEVI MISHRA
CORRECT DATE OF BIRTH-01/01/1956
INCORRECT DATE OF BIRTH-01/07/1965

# बैठक में सरकार अपने विधायी एजेंडे की रूपरेखा पेश करेगी विपक्ष दल अपने-अपने मुद्दों को सरकार के सामने रखेंगे

## संसद के मानसून सत्र से पहले सरकार ने आज बुलाई सर्वदलीय बैठक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

20 जुलाई को संसद के मानसून सत्र शुरू होने से पहले सरकार ने कल सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक में सरकार सभी राजनीतिक दलों से संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने में सहयोग की अपील करेगी। संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू होकर 13 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा और उन्हें पारित किए जाने की संभावना है। केंद्र सरकार ने संसद के मानसून सत्र की शुरुआत से एक दिन पहले यानी 19 जुलाई को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस बैठक में सरकार अपने विधायी एजेंडे की रूपरेखा पेश कर सकती है, जबकि विपक्षी दल उन मुद्दों को सामने रख सकते हैं जिन्हें वे उठाना चाहते हैं।

20 जुलाई को संसद के मानसून सत्र शुरू होने से पहले सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक में सरकार सभी दलों से संसद के सदनों की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने में सहयोग की अपील करेगी।

### पीएम, सीएम व मंत्रियों को हटाने वाले बिल को मंजूरी देने की उम्मीद



जेपीसी के मंजूरी लेने के संकेत

130वें संविधान संशोधन बिल की जांच कर रही संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) ने संसद में अपनी रिपोर्ट सौंपने से पहले उसे मंजूरी देने की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि समिति ने सुझाव दिया है कि अगर प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को गंभीर अपराधों के आरोप में लगातार 30 दिनों तक हिरासत में रखा जाता है, तो उन्हें उनके पदों से हमेशा के लिए हटाने के बजाय सस्पेंड कर दिया जाए।

### विपक्ष ने सरकार को घेरने के लिए बनाई रणनीति

सांसद सुधाकर सिंह ने रविवार को कहा कि 'इंडिया' गठबंधन संसद के मानसून सत्र में राम मंदिर चढ़ावा मामले और नीट पेपर लीक जैसे मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरेगा। साथ ही, वे विपक्षी दलों में विभाजन करके दो-तिहाई बहुमत हासिल करने की भाजपा की कथित कोशिशों का भी विरोध करेंगे।

संसद मार्च को लेकर हाई अलर्ट

### दिल्ली पुलिस ने दिए बड़े संकेत अभी तक नहीं मांगी गई अनुमति

मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) द्वारा प्रस्तावित संसद मार्च को लेकर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। दिल्ली पुलिस के सूत्रों के अनुसार, इस मार्च के लिए संगठन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक अनुमति नहीं मांगी गई है। अगर अब अनुमति के लिए आवेदन किया भी जाता है, तो संसद सत्र के दौरान कड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल को देखते हुए इसकी मंजूरी मिलने की संभावना बेहद कम है।

### धारा 163 लागू रहेगी

संसद सत्र के दौरान नई दिल्ली जिले, विशेषकर संसद भवन और इंडिया गेट के आसपास सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी रहती है। पुलिस इस दौरान भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 (पूर्व में धारा 144) के तहत निषेधाज्ञा लागू रखती है, जिसके तहत चार या अधिक लोगों के इकट्ठा होने, अनधिकृत रैलियों और विरोध प्रदर्शनों पर पूरी तरह प्रतिबंध रहता है।

### डीजीपी की अध्यक्षता में आपात बैठक

सोनम वांगचुक को हटाए जाने के बाद जंतर-मंतर पर बढ़े तनाव को देखते हुए दिल्ली पुलिस के नवनियुक्त कमिश्नर अनुराग कुमार ने शनिवार दोपहर 1 बजे पुलिस मुख्यालय में एक उच्च स्तरीय आपातकालीन रणनीति बैठक बुलाई। बैठक में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और बिना अनुमति संसद मार्च की कोशिश करने वाले प्रदर्शनकारियों से सख्ती से निपटने की रणनीति तैयार की गई।

## खबर संक्षेप

### सपा नेता आजम की 2 साल की सजा बरकरार

**आगरा।** लोकसभा चुनाव-2019 के दौरान चुनावी सभा में अधिकारी को तनखैया बताने के मामले में



सपा नेता आजम खां को राहत नहीं मिली। निचली अदालत से मिली 2वर्ष की सजा के खिलाफ दायर उनकी अपील को एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने खारिज कर दिया है। अदालत ने फैसले को सही ठहराते हुए सजा जुर्मामा बरकरार रखा है।

### चेंगापल्ली के पास कार टैंकर भिड़े, 3 की मौत

**तिरुप्पुर।** तमिलनाडु में सेलम-कोयंबटूर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चेंगापल्ली के पास शनिवार को



एक कार के सड़क किनारे खड़े गैस टैंकर से टकरा जाने से एक महिला समेत 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 घायल हो गए। मृतकों की पहचान विजय , उनकी पत्नी थेनमोझी और कुमार के रूप में हुई है। 8 लोगों का समूह तिरुत्तनी से ऊटी जा रहा था, तभी हादसा हुआ।

### कोलकाता में रिहायशी इमारत में विस्फोट

**कोलकाता।** कोलकाता के पूर्वी बाहरी इलाके में में हुए विस्फोट में एक इमारत आंशिक रूप से



क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस को संदेह है कि यह घटना देसी बम बनाने में इस्तेमाल होने वाले विस्फोटकों के कारण हुई। दक्षिण नारायणपुर इलाके में हुए इस विस्फोट में कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। मुख्य संदिग्ध मोहम्मद शमीम फरार है।

### शिंदे गुट में बागी सांसदों के विलय को मंजूरी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में टीएमसी और शिवसेना (उद्धव गुट) के बागी सांसदों की स्थिति को लेकर बड़ा



फैसला आ चुका है। इस कड़ी में महाराष्ट्र की शिवसेना यूबीटी को बड़ा झटका लगा है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना में उद्धव गुट के छह सांसदों के विलय को लोकसभा सचिवालय ने मंजूरी दे दी है। यूबीटी के सांसद अब शिंदे गुट के सांसद हो गए हैं।

### हत्या मामले में 4 को आजीवन कारावास

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले की एक अदालत ने दनकौर थाना क्षेत्र के बिलासपुर



गांव में वर्ष 2016 में पुरानी रंजिश की वजह से एक युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में 4 आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आशीष कुमार चौरसिया की अदालत ने 60-60 हजार का जुर्माना लगाया।

## पुलिस ने वांगचुक को प्रदर्शनस्थल से हटाकर अस्पताल में भर्ती कराया

# भड़के विपक्ष ने केंद्र पर साधा निशाना, कहा केंद्र सरकार का मूल सिद्धांत- असत्य व हिंसा

सुबह 7.40 बजे पुलिस धरनास्थल पर पहुंची



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने सोमवार को जंतर-मंतर पर आमरण अनशन पर बैठे पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को प्रदर्शनस्थल से हटाकर अस्पताल में भर्ती करा दिया। वांगचुक को अनिश्चितकालीन अनशन के 21वें दिन तबीयत बिगड़ने के बाद दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने इसे लेकर कहा है कि उसने दिल्ली हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए सोनम वांगचुक को अस्पताल में भर्ती कराया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि मोदी सरकार के मूल सिद्धांत 'असत्य और हिंसा' हैं। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि सोनम वांगचुक को जंतर-मंतर से उस समय हटाया जाना गलत है, जब वह अहिंसक भूख हड़ताल पर बैठे थे।

वांगचुक को अनिश्चितकालीन अनशन के 21वें दिन तबीयत बिगड़ने के बाद दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया। विपक्ष ने केंद्र पर हमला किया

### वांगचुक को जंतर-मंतर से हटाने पर भड़के राहुल गांधी



### सरकार ने किसी को नहीं बख्शाः खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि प्रोफेसर जीडी अग्रवाल, जिन्होंने गंगा को बचाने के लिए 111 दिनों तक आमरण अनशन किया था, से लेकर हरियाणा की ओलंपिक पहलवानों, 750 किसान आंदोलनकारियों, दलितों, आदिवासियों और पेपर लीक मामलों से प्रभावित छात्रों और उनके परिवारों तक, किसी को भी सरकार ने नहीं बख्शा।

### अहंकार ठीक नहीं, ये सरकार की हार



वांगचुक को जंतर-मंतर से हटाने पर पूर्व सीएम केजरीवाल ने केंद्र पर हमला बोला है। केजरीवाल ने कहा कि इतना अहंकार ठीक नहीं है। उन्हें जबरन उठाने की बजाय, मोदी सरकार को सोनम से बात करनी चाहिए थी। आंदोलन को कुचलने की बजाय शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था सुधारो।

### पूरी दुनिया में गहरी चिंता छाईः अखिलेश



अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा- 'सोनम वांगचुक को 'बल-प्रयोग' करके, जबरदस्ती उनके आमरण अनशन स्थल से उठाकर ले जाना अत्यंत निंदनीय समाचार है। आज सुबह घटी ये घटना थोड़ी ही देर में पूरे देश और संपूर्ण विश्व में फैल चुकी है। सारी दुनिया और देशभर में वांगचुक को लेकर गहरी चिंता है।

आंदोलन खत्म नहीं

### मंच पर फूट-फूटकर रोए दीपके, संसद चलो अभियान होगा



सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके हटाए जाने के बाद प्रदर्शन के दौरान फूट-फूटकर रो पड़े। दीपके ने भूख हड़ताल शुरू करने की घोषणा की। आंदोलन खत्म नहीं होगा। संसद तक मार्च करेंगे। प्रधानमंत्री से इस्तीफा की मांग करेंगे।

### दीपके पर स्याही फेंकी, महिला हिरासत में

जंतर-मंतर पर सीजेपी के संस्थापक दीपके पर स्याही फेंकी का मामला सामने आया है। एक महिला ने अभिजीत पर स्याही फेंक दी। दिल्ली पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया है। इस पर दीपके ने कहा कि उन्हें नीला रंग पसंद है।

सरकार पर बरसे सेलेब्स

### तानाशाही की इंतहाःप्रकाश

आम जनता के साथ-साथ कई सेलेब्स की भी इस पर प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। प्रकाश राज, विशाल ददलानी, काम्या पंजाबी जैसे एक्टर्स के रिएक्शन



इस मामले पर देखने मिल रहे हैं। इन सभी ने सरकार की जमकर आलोचना की है। इस घटना को लोकतंत्र की हत्या और तानाशाही का नाम दिया है। सोनाक्षी सिन्हा ने वांगचुक की भूख हड़ताल की तुलना महात्मा गांधी की भूख हड़ताल से की गई है। श्रेया धनवंतरी ने लिखा है, हर प्रदर्शन संदेह के घेरे में है। हर असहज करने वाला सवाल एंटी-नेशनल है। आमिर खान की भतीजी और अभिनेत्री जैन खान ने वीडियो में कहती दिखी हैं, मैं यह देखकर बहुत हैरान हूं। शब्द ही नहीं हैं।

### वांगचुक अभी भी भूख हड़ताल पर हैंः पत्नी

वांगचुक की पत्नी ने खुलासा किया है कि सोनम अभी भी भूख हड़ताल पर हैं। डॉक्टरों को उन्हें इलेक्ट्रोल देने से मना किया है। वो किसी



दूसरे लैब से भी सोनम की जांच करवाएंगी, उन्हें सफदरजंग अस्पताल पर भरोसा नहीं है। जल्द ही विश्वसनीय अस्पताल में भर्ती कराएंगे। 20 जुलाई को अगर सोनम मार्च में शामिल नहीं हो पाएंगे, तो मैं उनकी जगह मार्च का नेतृत्व करूंगी।

## अभिषेक की बढ़ीं मुश्किलें अमताला में पार्टी ऑफिस पर चला बुलडोजर,ध्वस्त

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

दक्षिण 24 परगना जिला प्रशासन ने शनिवार को अमताला स्थित तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बेनर्जी के कार्यालय को ध्वस्त कर दिया है।



विभागीय जांच में पाया गया था इस कार्यालय का निर्माण स्वीकृत भवन योजना के बिना और लागू नियमों का उल्लंघन करते हुए किया गया था। मामले में एक अधिकारी ने बताया कि भारी सुरक्षा के बीच जेसीबी की मदद से कार्यालय को ध्वस्त किया गया। इस दौरान पुलिस और केंद्रीय बलों को घटनास्थल के आसपास तैनात किया गया था और एहतियात के तौर पर अग्निशमन और आपातकालीन सेवा कर्मी भी मौके पर मौजूद थे।

### शिकायतों के बाद की गई कार्रवाई

अधिकारी ने बताया कि कार्यालय के निर्माण में सभी नियमों का उल्लंघन करने की शिकायतों के बाद यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने आगे बताया कि संबंधित व्यक्तियों को 15 जुलाई को नोटिस जारी कर शिकायतों के आधार पर शुरू की गई वैधानिक प्रक्रिया के तहत सुनवाई के लिए उपस्थित होने को कहा गया है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी

इस कार्रवाई के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में जश्न का माहौल छा गया, जिन्होंने अपनी पार्टी के समर्थन में नारे लगाए। अभिषेक डायमंड हार्बर निर्वाचन क्षेत्र से टीएमसी के लोकसभा सांसद हैं। अमताला इसी निर्वाचन क्षेत्र का हिस्सा है। यहां से भाजपा विधायक अग्निश्वर नस्कर ने आरोप लगाया कि अभिषेक के पार्टी कार्यालय का निर्माण भवन नियमों का उल्लंघन करते हुए किया गया था और उन्होंने जिला प्रशासन की कार्रवाई का स्वागत किया। नस्कर ने कहा कि यह ढांचा अवैध रूप से बनाया गया था। प्रशासन ने आखिरकार कानून के अनुसार कार्रवाई की है।

## पुरी पुलिस ने एडवाइजरी दी

# रथ यात्रा में उमड़ी भारी भीड़ बच्चों-बुजुर्गों को साथ न लाएं

एजेंसी ▶▶ पुरी

भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के दौरान उमड़ी भारी भीड़ को देखते हुए ओडिशा पुलिस के महानिदेशक वाईबी खुरानिया ने श्रद्धालुओं से छोटे बच्चों, बुजुर्गों और अस्वस्थ लोगों को साथ लेकर नहीं आने की अपील की है। सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एडवाइजरी का पालन करें। खुरानिया ने श्रद्धालुओं से कहा कि भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के दर्शन के लिए कम उम्र के बच्चों को साथ न लाएं।



### लाखों श्रद्धालुओं से भरी पुरी

डीजीपी ने कहा,ग्रैंड रोड श्रद्धालुओं से खचाखच भरा हुआ है। पूरे पुरी शहर में लाखों श्रद्धालु मौजूद हैं। लगातार बड़ी संख्या में लोग पुरी पहुंच रहे हैं। पूरे शहर में उत्साह और श्रद्धा का माहौल है। सलाह पर नजर रखने और निर्देशों का सख्ती से पालन करने की अपील की।

## बार काउंसिल की सख्त चेतावनी

# कोर्टरूम में रील बनाई तो खैर नहीं, अब शपथपत्र देना होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय बार काउंसिल (बीसीआई) ने वकीलों, कानून के छात्रों और इंटर्न के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म के इस्तेमाल को लेकर नई आचार संहिता जारी की है। अब अदालत परिसर, कोर्टरूम, बाररूम, वकीलों के चैंबर और न्यायिक भवनों में रील, वीडियो, फोटो या कप्रचार वाला कंटेंट बनाने पर रोक लगा दी गई है। वकीलों के बैंड और गाउन का उपयोग भी सोशल मीडिया पर प्रचार या व्यक्तिगत ब्रांडिंग के लिए करने से मना किया गया है।



### सोशल मीडिया एथिक्स नोडल अधिकारी नियुक्त होंगे

कानूनी शिक्षा से जुड़े छोटे वीडियो, रील, पॉडकास्ट क्लिप या पोस्ट साझा करने की इजाजत रहेगी, बशर्ते वे भ्रामक दावे करने वाले न हों। बीसीआई ने सोशल मीडिया एथिक्स नोडल अधिकारी नियुक्त करने का निर्देश दिया है।

## 2047 के लक्ष्य को रफ्तार देने के लिए नीति आयोग ने जारी की रैंकिंग

निवेश अनुकूलता सूचकांक

# निवेश आकर्षित करने में गुजरात देश में अव्वल, महाराष्ट्र व तमिलनाडु भी आगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीति आयोग ने शनिवार को नई दिल्ली में देश का प्रतिष्ठित 'निवेश अनुकूलता सूचकांक 2026 जारी की। इस में गुजरात भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पछाड़कर निवेश आकर्षित करने के मामले में शीर्ष प्रदर्शन करने वाला राज्य बना। गुजरात के बाद महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गोवा और ओडिशा भी शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्यों में शामिल हैं। सीईओ निधि छिब्बर ने कहा कि यह सूचकांक केवल एक रैंकिंग नहीं है, बल्कि राज्यों के लिए




एक व्यावहारिक सुधार उपकरण है। इससे राज्यों को अपनी कमियों को पहचानने और एक-दूसरे की सर्वोत्तम प्रथाओं से सीखकर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिलेगा।

### कारणों को रेखांकित किया

रिपोर्ट में उन प्रमुख कारणों को रेखांकित किया है, जिससे इन राज्यों को उच्च रैंकिंग मिली है। गुजरात में मजबूत बंदरगाह संचालन और बेहतरीन विद्युत क्षेत्र, महाराष्ट्र में निजी इक्विटी और वेंचर कैपिटल को आकर्षित करने की बेजोड़ क्षमता। वहीं तमिलनाडु में शानदार बुनियादी ढांचा आदि हैं।

**8 प्रमुख स्तंभ:** अवसंरचना (इन्फ्रास्ट्रक्चर), कारोबारी माहौल, संसाधन, सरकारी नीति, नियामक सुगमता, संस्थागत वातावरण, वित्तीय स्थिति, पर्यावरणीय लचीलापन।

## अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में 'सौश्रुतम 2026' का समापन

# आयुर्वेदाचार्यों की पहचान कुशल सर्जन के रूप में हो रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आयुष मंत्रालय के तहत अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), नई दिल्ली में आयोजित 3 दिनी अंतरराष्ट्रीय सेमिनार 'सौश्रुतम 2026' का शुक्रवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। 15 से 17 जुलाई तक आयोजित इस संगोष्ठी में भारत और विदेशों के प्रमुख विशेषज्ञों ने आचार्य सुश्रुत की शल्य चिकित्सा विरासत, आयुर्वेदिक सर्जरी में नवाचार और आधुनिक विज्ञान के साथ समन्वय पर विचार-विमर्श किया। खास बात यह रही कि अतिथियों ने कहा कि अब आयुर्वेद आचार्यों की पहचान सर्जन की हो रही।

**खास बातें**

- थाईलैंड, इजराइल, ऑस्ट्रिया, यूनाइटेड किंगडम, श्रीलंका, इंडोनेशिया, नेपाल, ग्रीस और भारत के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों तथा सर्जनों ने भाग लिया
- एआईआईए, आईएमएस-बीएचयू, आयुर्वेद संस्थान, जयपुर, इंस्टीट्यूट ऑफ टीचिंग एंड रिसर्च इन आयुर्वेद, जामनगर की भागेदारी



### समापन सत्र में शामिल हुए कई गणमान्य

समापन सत्र में राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा प्रणाली आयोग की अध्यक्ष वैद्य मनीषा कोठेकर और दक्षिण दिल्ली से सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। एनसीआईएसएम के 'बोर्ड ऑफ एथिक्स एंड रजिस्ट्रेशन' के अध्यक्ष डॉ. सुश्रुत कनौजिया और पद्मश्री प्रो. मनोरंजन साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### वैज्ञानिक संवाद और नवाचार को मिला बड़ा मंच

निदेशक प्रो. (वैद्य) पीके प्रजापति ने कहा कि इसका का उद्देश्य वैज्ञानिक संवाद को बढ़ावा देना, साक्ष्य-आधारित शल्य चिकित्सा पद्धतियों का आदान-प्रदान करना, उभरती तकनीकों को प्रदर्शित करना और आचार्य सुश्रुत की शल्य चिकित्सा विरासत को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाना था।

### आईआईटी दिल्ली के साथ एमओयू का नवीनीकरण

समापन समारोह के दौरान एआईआईए और आईआईटी दिल्ली के बीच सहयोगी अनुसंधान एवं नवाचार के लिए एमओयू को 5 वर्षों के लिए नवीकृत किया। 'आयुषवल्लारी' के तीसरे संस्करण, 'नेत्र रोग : सामान्य जानकारी और निवारण' पुस्तक तथा 'सौश्रुतम 2026' की स्मारिका का भी विमोचन किया ।

## 15 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

# मानसूनी गतिविधियां बढ़ेंगी बिजली गिरने का भी खतरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने 15 राज्यों में भारी बारिश और आंधी-तूफान का अलर्ट जारी किया है।



देश के कई हिस्सों में मानसून की गतिविधियां तेज होने के साथ ही भारी बारिश, तेज हवाएं और बिजली गिरने की घटनाएं हो सकती हैं।उत्तर प्रदेश और बिहार समेत कई राज्यों में 70 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

### हिमाचल में 'ऑरेंज अलर्ट'

हिमाचल प्रदेश के शिमला में 19 से 23 जुलाई के बीच कई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। दक्षिण-पश्चिम मानसून के साथ इस इलाके में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की उम्मीद है, जिससे पूरे राज्य में व्यापक बारिश होगी। मंडी, कांगड़ा, कुल्लू, शिमला और सिरमौर जिलों में भारी बारिश के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है। जम्मू-कश्मीर बाढ़, भूस्खलन और जलभराव की आशंका है।



# ‘द इंडिया स्टोरी’ 24 को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

**मुंबई।** काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े की फिल्म ‘द इंडिया स्टोरी’ काफी समय से चर्चा में हैं। पिछले महीने निर्माताओं ने इसका टीजर और पोस्टर जारी किए थे, जिसने रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित करने वाले विषय को जनता के सामने लाने का संकेत दिया था। जी स्टूडियोज और एमआईजी प्रोडक्शन एंड स्टूडियोज द्वारा निर्मित फिल्म का निर्देशन चेट्टन डीके ने किया है। फिल्म में काजल वकील के किरदार में हैं, जबकि श्रेयस एक लाचार पिता के रूप में बेटी के लिए न्याय की लड़ाई लड़ रहा है। फिल्म 24 जुलाई को हिंदी, तेलुगु और तमिल में दुनियाभर के सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

लाइफ Style



# प्रकृति

## दो साल में ही टूटा रिश्ता

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अगस्त 2024 में प्रकृति घर छोड़कर चली गईं, जिसके बाद दोनों ने अपने रिश्ते को सौहार्दपूर्ण तरीके से खत्म किया। काम के मोर्चे पर उन्हें कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मार्च में उनका शो ‘शहजादी है तू दिल की’ कम टीआरपी के कारण बंद हो गया था।

‘सैयाराब’ सीरियल से मशहूर हुईं अभिनेत्री प्रकृति नौटियाल अपनी 2 साल पुरानी शादी को खत्म करने जा रही हैं। यह जोड़ा, जिसने 6 महीने के छोटे से रोमांस के बाद साल 2024 के वेलेंटाइन डे पर शादी की थी, अब अलग होने का फैसला कर चुका है। उनके बीच कुछ भी ठीक नहीं चल रहा था। उन्होंने आपसी सहमति से तलाक के लिए अर्जी दाखिल कर दी है और अब उनकी अगली कोर्ट की तारीख नवंबर में तय है।

***प्रकृति ने अगस्त 2024 में छोड़ा था घर :*** अगस्त 2024 में प्रकृति घर छोड़कर चली गईं, जिसके बाद दोनों ने अपने रिश्ते को सौहार्दपूर्ण तरीके से खत्म किया। काम के मोर्चे पर उन्हें कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मार्च में उनका शो ‘शहजादी है तू दिल की’ कम टीआरपी के कारण बंद हो गया था।

उन्होंने बताया था कि उन्हें महसूस हुआ कि मूल कहानी से बंधे रहना उन्हें सीमित कर रहा था। शो का अचानक बंद होना उन्हें बहुत दुखी कर गया था।’ उन्होंने कहा था, ‘यह वाकई निराशाजनक और दिल तोड़ने वाला था।’

## हॉलीवुड मसाला



# द ओडिसी... का रिकॉर्ड तोड़ने को तैयार

**लॉस एंजिल्स।** क्रिस्टोफर नोलेन की नई फिल्म ‘द ओडिसी’ 17 जुलाई को भारत के सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है और इसकी एडवांस बुकिंग में भी जबरदस्त हलचल देखी जा रही है। फिल्म के टिकट 150 रुपये से शुरू होकर प्रीमियम सीटों के लिए 3,400 रुपये तक जा रहे हैं। दर्शकों में फिल्म को लेकर कितनी दीवानगी है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है। होमर की क्लासिक कहानी से प्रेरित इस महाकाव्य एडवेंचर में मैट डैमन मुख्य भूमिका में हैं। जानकारों का मानना है कि यह फिल्म क्रिस्टोफर की पिछली ब्लॉकबस्टर ‘ओपेनहाइमर’ से भी बड़ी ब्लाकबस्टर फिल्म साबित होगी।



# गोलम की कास्टिंग पर एंडी सरकिज का दो टूक जवाब

**लॉस एंजिल्स।** ‘द हंट फॉर गोलम’ में मुख्य भूमिका निभा रहे एंडी सरकिज ने फिल्म की पूरी तरह से श्वेत कास्ट को लेकर हो रहे विरोध पर अपनी बात रखी है। उन्होंने बताया कि कास्टिंग टॉल्किन के मूल विजन के मुताबिक की गई है, जो नॉर्डिक पौराणिक कथाओं से प्रेरित है। एंडी ने कहा, ‘द शायर एक ऐसा इलाका है, जो पूरी तरह से श्वेत दिखता है। उन्हें शायर की सीमाओं से बाहर क्या हो रहा है, इसकी खास परवाह नहीं होती, लेकिन वे किसी भी बाहरी व्यक्ति को अंदर नहीं आने देना चाहते।’ हालांकि, उन्होंने यह भी साफ किया कि जहां जरूरी होगा, वहां इस मुद्दे पर जरूर ध्यान दिया जाएगा। ‘द हंट फॉर गोलम’ बिल्बो के जन्मदिन और फ्रोडो के शायर छोड़ने के बीच के 17 साल के अंतराल को दिखाती है।



# इस फिल्म से कहलाई थी एक्शन की रानी

**मुंबई।** अभिनेत्री कैटरीना कैफ 16 जुलाई, 2026 को 43 साल की हो गई हैं। फिलहाल वह बीते कुछ साल से सिनेमा से दूर चल रही हैं और अपना पूरा समय पति विक्की कौशल व बेटे विहान कौशल को दे रही हैं, लेकिन फैंस उनकी वापसी की राह तक रहे हैं। इस बीच, हम आपको कैटरीना की उस फिल्म के बारे में बताएंगे जिसने बॉक्स ऑफिस पर तबाही लाकर रख दी। लोगों ने अभिनेत्री को ‘एक्शन की रानी’ कहना शुरू कर दिया। यहां जिस फिल्म की बात हो रही है, उसका नाम ‘टाइगर जिंदा है’ (2017) है। यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स के बैनर तले बनी इस फिल्म में सलमान खान मुख्य किरदार में नजर आए थे। यह ‘टाइगर’ फ्रैंचाइजी की दूसरी कड़ी है, जिसमें कैटरीना ने अपने किरदार ‘जोया’ (पाकिस्तानी आईएसआई एजेंट) के रूप में दमदार वापसी की थी।



# सनी अपने बेटे राजवीर को बनाएंगे एक्शन हीरो

**मुंबई।** सनी देओल आगामी फिल्म ‘बटवारा 1947’ को लेकर चर्चा में हैं, जो अगले महीने 28 अगस्त को सिनेमाघरों में आएगी। इसमें उनके बेटे करण देओल भी अहम किरदार में नजर आने वाले हैं। इस बीच, खबर है कि सनी अपने दूसरे बेटे राजवीर देओल को दोबारा सिनेमा की दुनिया में उतारने की तैयारी में हैं। इसके लिए वह 1985 में रिलीज हुई अपनी सुपरहिट फिल्म ‘अर्जुन’ का सहारा लेंगे, जिसमें राजवीर बतौर हीरो नजर आ सकते हैं। सनी अपनी फिल्म ‘अर्जुन’ का रीमेक बनाने जा रहे हैं, जिसमें उनके दूसरे बेटे राजवीर मुख्य भूमिका में होंगे। राहुल रवैल द्वारा निर्देशित ये एक सामाजिक-राजनीतिक एक्शन ड्रामा थी। उन्होंने बताया कि फिल्म के अधिकार करीम मोरानी और उनके साथी सुनील (बंटी) सूरमा के पास थे।

## टीवी मसाला




# ‘कौन बनेगा करोड़पति 18’ की डेट का ऐलान, अमिताभ ही संभालेंगे कमान

**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन कौन बनेगा करोड़पति सीजन 18 के साथ छोटे पर्दे पर वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह इस पॉपुलर क्विज शो के 18वें सीजन को होस्ट करते नजर आएंगे। नए सीजन में देश के अलग-अलग हिस्सों से आए कंटेस्टेंट्स का मशहूर ‘हॉट सीट’ पर स्वागत किया जाएगा। यह शो ग्रैंड प्राइज जीतने के मौके के लिए उनकी जानकारी और स्किल्स को परखेगा। सोनी टीवी ने सोशल मीडिया पर कई प्रोमो शेयर कर इसके नए फॉर्मेट के बारे में भी बताया है, जो बहुत ही खास होने वाला है। इस बार कंटेस्टेंट्स को सोचना पड़ेगा। ‘कौन बनेगा करोड़पति 18’ का प्रीमियर 10 अगस्त को होगा।

***कौन बनेगा करोड़पति 18 का नया फॉर्मेट :*** अमिताभ बच्चन इस शो के नए सजीन के साथ फिर से वापसी के लिए तैयार हैं। शो के मेकर्स ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज पर ‘कौन बनेगा करोड़पति 18’ के नए प्रोमो जारी किए हैं, जिनमें होस्ट अमिताभ बच्चन को रोजमर्रा की स्थितियों में दिखाया गया है। इन प्रोमो में बताया गया है कि आज जानकारी आसानी से मिल जाती है और टेक्नोलॉजी ने लोगों के सीखने का तरीका बदल दिया है, लेकिन सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि जानकारी का समझदारी से इस्तेमाल कैसे किया जाए। इसमें यह भी बताया गया है कि सोचना और सही फैसले लेना भी जरूरी है। ऐसे में कंटेस्टेंट्स को सिर्फ चीजें याद रखने के बजाय सोचने-समझने पर भी ध्यान देना होगा।

***केबीसी 18 नए ट्विस्ट के साथ 10 अगस्त से होगा शुरू :*** ‘कौन बनेगा करोड़पति 18’ का प्रीमियर 10 अगस्त 2026 को होगा। चैनल ने शो के कई प्रोमो शेयर किए हैं, जिससे पता चलता है कि इस बार इसमें नया ट्विस्ट आने वाला है। पहले प्रोमो में बिग बी कहते हैं, ‘इतिहास, खेल, विज्ञान इन सबका ज्ञान इस बार केबीसी में काफी नहीं होगा। क्योंकि अब खेल जो है वो बदल गया है। केवल उत्तर याद रखने से काम नहीं चलने वाला, सोचना पड़ेगा।’ दूसरे प्रोमो में दिग्गत अभिनेता कहते हैं, ‘देखिए आज एआई ने दुनिया को बदल दिया है। ये बदलाव जो है ना रुकने वाला नहीं है जो कल तक नामुमकिन लगता था, वो आज पल भर में मुमकिन होता है। इस बदलती हुई दुनिया में हम सबको भी बदलना पड़ेगा। इसलिए केबीसी में भी हमने कुछ बदलने का प्रयास किया है, अब उत्तर देने से पहले आपको सोचना पड़ेगा।’

### कौन बनेगा करोड़पति 18 का तीसरा प्रोमो

तीसरे प्रोमो में वह कहते हैं, ‘आज कल जवाब जो है वो हर जगह मिलने लग गया है। आपकी जेब मैं भी। नहीं समझे? अरे भाईसाहब आपके फोन पर। इसलिए इस बार केबीसी में हमने कुछ बदलने का प्रयास किया है, जवाब याद रखने से काम नहीं चलेगा, उसके लिए जवाब आपको सोचना पड़ेगा। जी हां, सोचना पड़ेगा।’

# जिस्सू ‘बहुरूपी’ में इंस्पेक्टर अयान बनकर मचाएंगे धमाल

*जिस्सू सेनगुप्ता एक बार फिर पर्दे पर लौटे हैं। इस बार वह ‘बहुरूपी’ के सीक्वल ‘बहुरूपी: द गोल्डन डाकू’ में इंस्पेक्टर अयान बनर्जी का किरदार निभा रहे हैं। निर्देशक नंदिता रॉय और शिबोप्रसाद मुखर्जी (‘पोस्टो’ और ‘बाबा बेबी ओ’ जैसी फिल्में बनाने वाले) के साथ जिस्सू दोबारा जुड़े हैं।*

**मुंबई।** रथ यात्रा के खास मौके पर फिल्म से जिस्सू का पहला लुक सामने आया। इस लुक में वह पुलिस की वर्दी, एविएटर चश्मा और मोटरसाइकिल पर सवार, एक सख्त और दमदार अवतार में दिखे। फैंस को उनके इस नए अंदाज की झलक मिल गई।

***शिबोप्रसाद ने फिल्म को रथ यात्रा से जोड़ा :*** इस लुक ने यकीनन फिल्म के एक दमदार और रोमांचक नए अध्याय की नींव रख दी है। निर्देशक शिबोप्रसाद ने बताया कि ‘रथ यात्रा के इस शुभ दिन पर भगवान जगन्नाथ को याद करते हुए, हमने अपने इस सफर की शुरुआत कर दी है।’ यह फिल्म इंस्पेक्टर बनर्जी के इर्द-गिर्द ढेर सारे एक्शन और ड्रामा से भरपूर होने का वादा करती है। इसकी रिलीज को लेकर दर्शकों में अभी से जबरदस्त उत्साह है।




# रणवीर ने छुपाया ‘प्रलय’ का लुक

## 300 करोड़ की फिल्म में मचाएंगे तहलका

**मुंबई।** रणवीर सिंह हंसल मेहता के ऑफिस के बाहर काले कपड़ों में ढके दिखाई दिए। उन्होंने अपने सिर पर कैप, मास्क और चश्मा लगा रखा था, ताकि कोई उनकी आने वाली फिल्म ‘प्रलय’ के नए लुक को देख न सके। पैपराजी के लिए रुककर पोज देने के बजाय, उन्होंने सवालों पर ध्यान नहीं दिया। जब किसी ने मजाक में पूछा, ‘बाबा नाराज हो क्या?’, तो बस मुस्कुराते हुए तेजी से वहां से निकल गए।

### रणवीर बनेंगे ‘प्रलय’ के सह-निर्माता

कहानी पर बनी एक पोस्ट-एपोकलिप्टिक थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन जय मेहता कर रहे हैं। इस फिल्म में रणवीर कल्याणी प्रियदर्शन के साथ मुख्य भूमिका में दिखेंगे। साथ ही, वे अपनी कंपनी ‘मां कसम फिल्म्स’ के बैनर तले फिल्म के सह-निर्माता भी हैं। 300 करोड़ रुपये के बड़े बजट वाली यह फिल्म रणवीर के करियर की अब तक की सबसे महंगी सोलो फिल्म होगी। फिल्म की शूटिंग अगस्त में शुरू होगी और सितंबर में ऑस्ट्रेलिया में इसके कई अहम हिस्सों की शूटिंग की जाएगी।



# गोविंदा की वापसी से पहले ओटीटी पर जरूर देखें उनकी सुपरहिट फिल्में...

***मुंबई।*** *बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा ने बड़े पर्दे पर वापसी का ऐलान कर अपने प्रशंसकों को खुशखबरी दी है। उन्होंने पुष्टि की है कि वह जल्द ही फिल्म ‘रूपा’ में नजर आएंगे। उनकी वापसी को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह है। ऐसे में नई फिल्म के रिलीज होने से पहले आइए गोविंदा की उन शानदार फिल्मों पर नजर डालते हैं, जिनका आनंद आप विभिन्न ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर ले सकते हैं।*

### ‘हीरो नंबर 1’ और ‘कुली नंबर 1’

साल 1997 में आई डेविड धवन की कॉमेडी फिल्म ‘हीरो नंबर 1’ में गोविंदा के साथ करिश्मा कपूर, कादर खान और परेश रावल मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। कॉमेडी फिल्म ‘कुली नंबर 1’ में गोविंदा के साथ-साथ करिश्मा कपूर, कादर खान, हरीश कुमार और शक्ति कपूर ने काम किया था। इस फिल्म का भी आप प्राइम वीडियो पर लुफ्त उठा सकते हैं।



### ‘राजा बाबू’ और ‘दूल्हे राजा’

कॉमेडी-ड्रामा फिल्म ‘राजा बाबू’ में गोविंदा के साथ-साथ करिश्मा कपूर, शक्ति कपूर, कादर खान और अरुणा ईरानी अहम भूमिका में थे। इस फिल्म को लोगों ने खूब पसंद किया था। आप इस फिल्म को भी ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। हरमेश मल्होत्रा के निर्देशन में बनी कॉमेडी फिल्म ‘दूल्हे राजा’ में गोविंदा के साथ-साथ रवीना टंडन, कादर खान, जॉनी लीवर और प्रेम चोपड़ा साथ दिखाई दिए थे। इस फिल्म को आप यूट्यूब पर देख सकते हैं।

### ‘पार्टनर’

सन 2000 के दशक की गोविंदा की सबसे बड़ी हिट फिल्म ‘पार्टनर’ को डेविड धवन ने निर्देशित किया था। इसमें गोविंदा के साथ सलमान खान, कैटरीना कैफ और लारा दत्ता भी नजर आए थे। आप इस फिल्म को प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

# ‘जना नायकन’ ने मचाया तूफान की इतने करोड़ की बंपर बुकिंग

**मुंबई।** फिल्म प्रेमियों के लिए एक बड़ी खबर है। तमिलनाडु सरकार ने सुपरस्टार विजय की नई फिल्म ‘जना नायकन’ के टिकटों का अधिकतम मूल्य 190 रुपये तय कर दिया है। यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि निष्पक्षता बनी रहे और टिकटों की कालाबाजारी या मनमानी कीमत वसूली पर रोक लग सके। निर्देशक एच. विनोथ द्वारा निर्देशित यह फिल्म 23 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। राज्य में इसकी एडवांस बुकिंग 19 जुलाई से शुरू हो जाएगी।



### एडवांस बुकिंग दुनिया भर में 4 करोड़ पार

‘जना नायकन’ फिल्म रिलीज से पहले ही खूब चर्चा बटोर रही है। 16 जुलाई तक, इसकी एडवांस बुकिंग ने दुनिया भर में 4 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। रिलीज के दिन, दक्षिण भारत में सुबह 6 बजे से ही फिल्म के शो शुरू हो जाएंगे। वहीं, कर्नाटक के सिनेमाघरों में, जहां टिकटों की कीमतों पर कोई सरकारी पाबंदी नहीं है, वहां एक टिकट 800 से 1000 रुपये में बिक रहा है। उत्तर भारत में फिल्म की भारी मांग के कारण इसे लगभग 2000 सिनेमाघरों में दिखाया जाएगा। साथ ही मुंबई के मलाड और अंधेरी जैसे तमिल बहुल इलाकों में सुबह 4 बजे के विशेष शो भी रखे गए हैं।